Tribes Organisations of Darjeeling District regarding their demand for amending S. 10(26) of the Income-tax Act, 1961 to remove the discrimination between members of the Scheduled Tribes *inter-se*; and

(b) if so, the reaction of Government thereon?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI K. R. GANESH): (a) Yes, Sir

(b) The Government does not consider it necessary to amend the income-tax Act on the lines suggested in the memorandum.

कृषि आय कर के बारे में वरमा समिति की सिफारिश

5451. श्री महादीपक सिंह शाक्य क्या विदेश व्यापार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वरमा समिति ने सरकार से इस बात की सिफारिश की है कि कृषि भाग की संयुक्त आय पर कर की दर उसके गैर-कृषि भाग की आय पर कर की दर से अधिक नहीं होनी चाहिये , और

(ख) यदि हां, तो सरकार ने सिफारिशों पर क्या कार्यवाही की है ?

विदेश व्यापार मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ए० सी० जार्ज): (क) और (ख) चाय उद्योग सम्बन्धी वरमा समिति ने अपने प्रतिवेदन में चाय वित्त समिति के इस विचार का समर्थन किया कि सम्मिलित आय के कृषिगत भाग पर कर की दर उसके गैर-कृषिगत भाग पर कर की दर से अधिक नहीं होनी चाहिए । समिति की सिफारिशों पर लिए गये विनिश्चयों को घोषित करने वाले सरकारी संकल्प में यह कहा गया था कि समिति के निष्कर्ष राज्य सरकारों को भेज दिये गये थे । मामले पर आगे कार्यवाही की जा रही है ।

चाय निगम के माध्यम से चाय का निर्यात करने के बारे में चाय निर्यात समिति की मांग

5452. श्री महादीपक सिंह शाक्य क्या विदेश व्यापार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चाय निर्यात समिति ने चाय के इकाई मूल्य में वृद्धि करने के लिए सरकार से यह मांग की है कि वह चाय निगम के माध्यम से डब्बा बन्द चाय विदेशों को भेजने की व्यवस्था करे ताकि विदेशी मुद्रा अधिक मिल सके , और

(ख) अब तक सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में क्या कदम उठाये गये हैं ?

विदेश व्यापार मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ए० सी० जार्ज) : (क) और (ख) सरकार द्वारा ऐसी कोई चाय निर्यात संबंधी समिति स्थापित नहीं की गई है । परन्तु, यह पता लगाने के लिए कि चाय बोर्ड अपना दायित्व कहां तक निभा रहा है और इसके कार्य-निष्पादन में सुधार लाने में मदद करने के लिए कौन-कौन से उपाय अपेक्षित हैं, इस का पता लगाने के लिए अब उसके कार्यकरण का सर्वेक्षण किया जा रहा है, जिसके प्रतिवेदन की प्रतीक्षा की जा रही है ।